२. शिल्प

२.१ कागज का काम

(१) फाड़ना

(२) मसलना/गिंजना



(३) तह करना/मोड़ना





विद्यार्थियों को कागज फाड़ना अच्छा लगता है, कागज फाड़ते समय होनेवाली आवाजों का भी वे आनंद उठाते हैं।
उपर्युक्त पद्धति से कागज को फाड़कर-चिपकाकर उससे चिपकचित्र तैयार करवाएँ।
विभिन्न रंगीन कागजों को फाड़कर और मसलकर उनके छोटे-छोटे गोले बनाने के लिए कहें और उनकी रुचि के अनुसार आसान आकार में चिपकाने के लिए कहें।
विद्यार्थियों से दो कागजी थाली (डिश) लेकर उपर्युक्त पद्धति से कृति करने के लिए कहें। कागज की सुंदर थैली तैयार करवाएँ।

२.२ मिट्टी का काम





अपने परिसर में आसानी से उपलब्ध होने वाली मिट्टी लेकर; उसमें पानी मिलाकर उसे गूँधने के लिए कहें। उससे मिट्टी का गोला बनेगा। अब उस गोले से अपनी पसंद की वस्तुएँ, आकार तैयार करने के लिए कहें।